हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

11 जिले को नशा मुक्त बनाने में युवा निभाएं अहम भूमिका

11 बजट के अभाव में पांच माह से बंद पड़ा आक्सीजन प्लांट


## खबर संक्षेप

### शराब की दो पेटियों के साथ व्यक्ति गिरफ्तार
**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव लोहचब में छापेमारी कर अवैध रूप से शराब बेच रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से शराब की दो पेटी भी बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपित की पहचान लोहचब निवासी शमशेर के तौर पर हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत
**कैथल।** गांव कुतबपुर के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मृतिका की पहचान नहीं हो पाई है। प्राथमिक तौर पर अनुमान लगाया जा रहा है कि या तो महिला ट्रैक को पार करते समय रेल की चपेट में आई है। या फिर रेल से गिरने के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है, ताकि उसकी शिनाख्त की जा सके।

### आश्रम से बर्तन और कंबल चोरी किए
**जींद।** गांव ईगराह के आश्रम से चोरों ने बर्तन, घी और कंबल चोरी कर लिए। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। ईगराह आश्रम के महंत स्वामी सूर्यानंद सरस्वती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले दिनों प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने गया हुआ था।

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत
**जींद।** उझाना के निकट दिल्ली-पटियाला नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक रेहड़ी चालक को टक्कर मार दी। जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक की पहचान ब्राह्मण माजरा निवासी हंसराज के रूप में हुई है। शिकायत में पटियाला जिले के नग्गा थाना क्षेत्र के ब्राह्मण माजरा निवासी विक्की ने बताया कि मजदूरी का कार्य करता है।

### महिला को दहेज के लिए किया प्रताड़ित, केस दर्ज
**जींद।** महिला थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। जुलाना मंडी निवासी महिला सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2014 में सिरसा के संतनगर निवासी जगतार ङ्कूसह के साथ हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने घरेलु सामान दिया था।

### गांव शिमला में खेत के कमरे से सामान चोरी
**कैथल।** कलायत पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। शिमला गांव के कुलदीप ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 19 फरवरी को गांव शिमला स्थित उसकी खेत के कमरे से इनवर्टर, बैटरी व अन्य सामान चुरा कर ले गए। सामान की कीमत करीब 12000 बताई गई है। हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता
**जींद।** सदर थाना क्षेत्र के गांव से 32 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक गांव के युवक ने दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है और उसके पास दो बच्चे। गत 21 फरवरी को उसका परिवार खाना खाकर सो गया था।

### महिला से छेड़छाड़ के आरोप में मामला दर्ज
**कैथल।** गांव आंधली में महिला से छेड़छाड़ करने तथा गलत हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में एक महिला ने आरोप लगाया है कि आंधली के विजय ने 20 फरवरी को साथ छेड़छाड़ की तथा गलत हरकत भी की। उस द्वारा शोर मचाए जाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

# भाजपा का पटका पहनते ही जिप चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा औंधे मुंह

## वोटिंग में नहीं पहुंचा एक भी विरोधी पार्षद, एक साल के लिए चेयरपर्सन की कुर्सी सेफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद अध्यक्षा मनीषा रंधावा व उनके पति कुलदीप रंधावा ने जैसे ही भाजपा का पटका पहना तो सोमवार को होने वाली अविश्वास प्रस्ताव बैठक में चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव औंधे मुंह गिर गया। चेयरपर्सन के खिलाफ वोटिंग में विरोधी गुट से एक भी पार्षद नहीं पहुंचा। लगभग 30 मिनट तक इंतजार भी किया गया। अविश्वास बैठक की अध्यक्षता कर रहे डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने प्रस्ताव को असफल घोषित कर दिया। नियमानुसार अब अगले एक साल तक विरोधी अविश्वास प्रस्ताव नहीं ला पाएंगे। हालांकि शनिवार को चेयरपर्सन के भाजपा ज्वायन करने के बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि अविश्वास प्रस्ताव गिर सकता है। क्योंकि विरोधी खेमे के पार्षद भी भाजपा समर्थित ही थे। ऐसे में मनीषा रंधावा ने भाजपा में शामिल होकर पासा पलट दिया। इससे पहले तीन बार चेयरपर्सन के खिलाफ वोटिंग के लिए निर्धारित बैठकें रद्द हो चुकी थी। सोमवार को चौथी बार दोपहर बाद तीन बजे से साढ़े तीन बजे का समय अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के लिए तय किया गया था। डीसी मोहम्मद इमरान रजा बैठक में समय पर पहुंच गए। चेयरपर्सन मनीषा रंधावा और सीईओए डीडीपीओ संदीप भारद्वाज समेत दूसरे अधिकारी भी मौजूद रहे। वोटिंग शुरू हुई लेकिन विरोधी खेमे से कोई भी पार्षद नहीं आया। प्रशासनिक अधिकारी द्वारा तीन बज कर 20 मिनट तक इंतजार के बाद जिला परिषद हाल के बाहर आकर अनाउंस किया लेकिन कोई पार्षद नहीं पहुंचा तो साढ़े तीन बजे के बाद अविश्वास प्रस्ताव को असफल घोषित कर दिया गया। जनवरी 2022 में तत्कालीन डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और जेजेपी के समर्थन के साथ मनीषा रंधावा एक वोट से जीत कर जिला परिषद की चेयरपर्सन बनी थी। पिछले साल विधानसभा चुनावों से पहले मनीषा रंधावा के पति कुलदीप रंधावा जेजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए और जुलाना से विनेश फोगाट के समर्थन में प्रचार किया। दो दिसंबर 2024 को जिप वाइस चेयरमैन सतीश हथवाला सहित 18 पार्षदों ने चेयरपर्सन को कुर्सी से हटाने के लिए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए डीसी मोहम्मद इमरान रजा को शपथ पत्र सौंपे थे। 13 दिसंबर को पहली बार बुलाई बैठक डीसी के अवकाश पर जाने पर स्थगित हो गई। उसके बाद 22 जनवरी और 11 फरवरी को बुलाई बैठक भी डीसी के नहीं पहुंचने के कारण कैंसिल हो गई लेकिन बैठक का बार.बार कैंसिल होने का असल कारण ये था कि विरोधियों के पास पूर्ण बहुमत नहीं हो पा रहा था। चेयरपर्सन को अपनी कुर्सी बचाने के लिए 25 पार्षदों में से नौ का ही समर्थन चाहिए था। जबकि वे 12 से 13 पार्षद उनके साथ होने का दावा कर रही थी। शनिवार को मनीषा रंधावा और उसके पति कुलदीप रंधावा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने रोहतक में उन्हें विधिवत रूप से भाजपा में शामिल करवा लिया। सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद अब अगले एक साल के लिए चेयरपर्सन की कुर्सी सेफ हो गई है। सोमवार को जिस तरह विरोधी गुट का अविश्वास प्रस्ताव गिराए जिसमें विरोधी गुट बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचने की हिम्मत ही नहीं जुटा पायाए उससे विरोधी गुट की खासी फजीहत हुई है।


**जींद।** अपने पति के साथ बैठक में भाग लेने आई जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा।

### बहुमत से ज्यादा पार्षदः रंधावा
जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा ने बताया कि उनके पास बहुमत से ज्यादा पार्षद थे। इसलिए शुरू से ही उनकी कुर्सी को कोई खतरा नही था। सोमवार को हुई बैठक के बाद अटके हुए कार्य शुरू हो जाएंगें।


**कलायत।** गांव मटौर में युवा संदीप की मौत से गमगीन ग्रामीण। *फोटो :हरिभूमि*

# 12 दिन बाद मटौर पहुंचा अमेरिका में मृतक 24 वर्षीय संदीप का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

अमेरिका गए कलायत के गांव मटौर निवासी संदीप मौण का शव जब सोमवार को स्वदेश पहुंचा तो हर किसी की आंख भर आई। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने परंपरा अनुसार गांव की श्मशान भूमि में 24 वर्षीय युवा का संस्कार किया। युवा को अपने गांव की मिट्टी प्रदान करने के लिए अमेरिका में रह रहे इंडियन युवाओं और परिवार के सदस्यों ने 16 लाख रुपए की बड़ी राशि व्यय की। इसके साथ ही लंबी कागजी प्रक्रिया को पूरा किया। पिछले 12 दिन से युवा के शव का इंतजार गांव में हो रहा था। चाचा रामचंद्र मौण, सुरेश मौण और जगबीर मौण ने बताया कि 12 फरवरी को संदीप की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। युवा कैलिफोर्निया और अरिजोना में ड्राइवर की नौकरी करता था। सायं वह ड्यूटी समाप्त करके घर आया तो उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई। उसे खून की उलटी आई। उसके साथ में रह रहे गांव के दो अन्य युवा उसे तत्काल अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।संदीप अभी तक अविवाहित है। परिवार में उसकी विधवा माता बिमला देवी और बड़ा भाई अमित है। परिवार मुख्य रूप से संदीप पर ही निर्भर था।ग्रामीणों ने बताया कि अमेरिका में संदीप की मौत से हर कोई गम में डूबा है।

### ट्रक चालक था संदीप
मटौर गांव के संदीप अमेरिका में निजी ट्रक चालक का कार्य करते थे। इनके परिवार का गांव में मुख्य व्यवसाय कृषि रहा है। हल जोतकर घर का चूल्हा जलता था। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने को संदीप अमेरिका के लिए रवाना हुआ था। किसी को कहां मालूम था कि एक दिन इस प्रकार युवा का शव सफेद कपड़े में लिपटकर इस प्रकार बाक्स में आएगा।

## अंडरपास की मिट्टी धंसने पर डीसी ने निर्माण अधिकारियों व ठेकेदार को फटकारा

# कार्यकारी अभियंता को रात को मौके पर ठहरने तथा ठेकेदार को मध्यरात्रि तक कार्य पूरा करने के आदेश

## होगा कमेटी का गठन, लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जेडी सात दिल्ली-भठिंडा रेलवे लाइन पर बन रहे भिवानी रोड अंडरपास की मिट्टी धंसने के मामले में सोमवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने डीजीएम तथा ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। हालातों के जायजा लेने के दौरान निर्माण को देख रहे अधिकरियों से तीखे सवाल भी किए। ठेकदार को मध्य रात्रि तक कार्य पूरा करने तथा कार्यकारी अभियंता को रात को भी निर्माण स्थल मौके पर बने रहने के आदेश दिए। ठेकेदार को पुलिस कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। एक कमेटी बनाने का भी निर्णय लिया जो मिट्टी धंसने या बनने के दौरान निर्माण कार्यों में लापरवाही की जांच करेगी। डीसी ने माना कि कुछ तो दिक्कत हुई है, उसकी जांच की जाएगी। अगर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही रही है तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा सोमवार को जेडी सात पर लावा लश्कर के साथ अंडरपास में धंसी मिट्टी से उत्पन्न हालातों को जायजा लेने पहुंचे थे। तीन दिन पहले धंसी थी निर्माण स्थल पर मिट्टी, मकानों में कैद हैं लोग तथा मावेशीः जेडी सात पर चल रहे अंडरपास निर्माण के दौरान मिट्टी खिसक गई। जिसके चलते जेडी सात के दोनों और मकानों पर खतरा मंडरा गया। कुछ मकान तो ऐसे हैं, जिनके दरवाजे के आगे 40 फूट गहरी खोदी गई खाई है। मकानों को खतरा होने के साथ उनमें रहने वाले लोग तथा उनके पशु अंदर कैद हो गए हैं। घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी मकानों को गिरने से बचाने के लिए कदम कछुए की चाल से चल रहे हैं। जब कि यह कार्य छह से सात घंटे में होना चाहिए था। काम तीन दिन बीत जाने के बाद भी पूरा नही हुआ है। ट्रेन गुजरने के साथ होती है धड़कन तेज, बारिश हुई तो मंजर होगा खतरनाकः अंडरपास निर्माण के साथ दोनों तरफ पचास सं अधिक घर हैं। कुछ मकान तो बिल्कुल मुहाने पर हैं। जिनके नीचे चालीस फूट गहरी खाई है।

जबकि कुछ मकानों के तीन से चार फूट दूरी पर यह खोदी गहरी गई खाई हैं। मिट्टी रेतीली है। जब दिल्ली-भठिंडा रेलवे लाइन से रेलगाड़ी गुजरती है तो मिट्टी भुरभूराने लगती है। जिसके साथ उनमें रहने वाले लोगों की धड़कनें ऊपर-नीचे होने लगती हैं। अगर बारिश होती है तो उसके बाद का परिणाम खतरनाक होगा। मिट्टी को रोकने के लिए जो कदम उठाए गए थे, वे धाराशाही हो चुके हैं।


**जींद।** भिवानी रोड अंडरपास पर जायजा लेते डीसी व अन्य अधिकारी।

### निरीक्षण कमेटी करेगी जांच : डीसी
डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि टैक्रनीकली नाली निर्माण में दिक्कत रही है। जिसकी निरीक्षण कमेटी बनेगी। जांच लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई की जाएगी। रात तक मिट्टी के कट्टे वहां पर भर दिए जाएंगें। एंबूलेस, फायर बिग्रेड, पंप सेट को तैयार रखा गया। मकानों में दरार आई हैं, या डिजायन तथा ड्राइंग से संबंधित जो दिक्कत है, उसे सरकार के पास भेजा जाएगा।

### लोगो ने ड्राइंग तथा डिजाइन में बताई खामी
अंडरपास निर्माण स्थल के पास रहने वाले लोगों ने डीसी को बताया कि अंडरपास के डिजाइन में दिक्कत हैं। अंडरपास की ब्लॉक को साइज चार मीटर होना चाहिए। जबकि विभाग इसे पौने छह मीटर बन रहा है। जिसके चलते खुदाई चालीस फूट जा रही है। अगर इसे चार मीटर रखा जाए तो गहराई के साथ लंबाई भी कम हो जाएगी। डीसी ने लोगों को आश्वासन दिया कि वे इसका मसौदा तैयार कर ऊपर भेजेंगे। जो भी होगा लोगों की भावनाओं के अनुरूप होगा।

### दहशत में जीने को मजबूर आमजन
जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि डीसी सहित प्रशासन का पूरा अमला मौके पर पहुंचा और पूरे मामले से रूबरू हुआ है। डीसी ने अधिकारियों, ठेकेदारों और यहां के लोगों से बातचीत की है। यहां के लोगों ने प्रशासन के समक्ष अपना खूब दुखड़ा रोया है। डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि यहां किस प्रकार लोग भारी दहशत में है। जमीन खिसकने से मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। मकानों के गिरने का डर बना हुआ।

# कैथलः पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी के नाम पर 85 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी के नाम पर तीन आरोपितों ने एक किसान से करीब 85 लाख रुपये ठग लिए। बाद में न तो हिस्सेदारी की और न ही रुपये लौटाए। पैसे मांगने पर आरोपितों ने उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित ने कैथल के सदर थाना में शिकायत दी है। गांव खुराना के दयाल चंद ने कैथल के सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई कि वह किसान है। वह सत्या फिलिंग स्टेशन खनौरी रोड कैथल पर जाता था। वहां उसकी दोस्ती कलेर भैणी जिला हिसार निवासी रोहताश से हो गई, जो फिलहाल सन सिटी कैथल में रहता है। उसने बताया कि वह बात्ता के पास देव दीप फिलिंग स्टेशन का मालिक है। वह खुराना में उसके घर आने-जाने लगा। 25 अगस्त 2020 को रोहताश व उसका भतीजा अमन उसके घर आए। दोनों ने कहा कि उनके पैट्रोल पंप पर तेल नहीं है जिसके लिए पैसों की जरूरत है। उन्होंने उससे रुपये मांगे और कहा कि डीजल पैट्रोल के कमीशन में से आधा लाभ उसे दे देंगे। उसने आरोपियों को करीब 60 लाख रुपये दे दिए, लेकिन उन्होंने उसे कभी भी तेल के लाभ का हिस्सा नहीं दिया। आठ सितंबर 2022 को रोहताश ने उसे फोन करके घर बुलाया। वहां पर रोहताश, उसकी पत्नी सरोज व भतीजा अमन मिले। कहा कि मकान बनाने के कारण उनको रुपये की जरूरत है और उन्होंने अपने पैट्रोल पंप में हिस्सेदारी करने बारे कहा कि उनके पैट्रोल पंप की कीमत तीन करोड़ रुपये है।

### पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का केस
**जींद।** अवैध तरीके से युवक को अमेरिका भेज कर पचास लाख रुपये हडपने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ धोखाधड़ी, इमीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव साहनपुर निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका संर्पक वर्ष 2024 मे गांव कुराना पानीपत निवासी जितेंद्र तथा उसके साथियों से हुआ था। जो विदेश भेजने का काम करते हैं। आरोपितों के झांसे में आकर उसने अमेरिका भेजने की बात की। जिसकी एवज में पचास लाख रुपये तय हुई। जिस पर वह गत 2 अक्टूबर 2024 को घर से दिल्ली के रास्ते ऐमसडम देश पहुंचा। एक रात वहीं ठहरने के बाद वह पोर्ट ऑफ स्पेन पहुचा। जहां से एजेट के कहने पर वह बस तथा टैक्सी से कोलंबिया पहुंचा। फिर वह ब्राजील, पेरू, ग्यालिनिया, थापालुच्चा पहुंचा। जहां पर सारी पेमेंट आरोपितों को कर दी गई। जिसके बाद बीस दिन मेक्सिको में रखा गया। जिसके बाद आरोपितों ने उसकी फ्लाइट कैलिफोर्निया की करवा दी।

### हादसे में घायाल तीसरी महिला की मौत
**जींद।** नेशनल हाइवे 152डी पर रविवार शाम को हुए सड़क हादसे में घायल तीसरी महिला की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में रामकिशोर और विद्या देवी की पहले ही मौत हो चुकी थी जबकि मंजू राठी की गंभीर हालत देख पीजीआई रोहतक रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजस्थान के नागोर जिले के मकराना के पास राडड भवन निवासी रूचि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 फरवरी को उसके दादा ससुर राजाराम लाहौरी का निधन हो गया था।

### कलायतः हत्या का आरोपित गिरफ्तार
**कैथल।** कलायत में युवक की हत्या करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कलायत निवासी नाथी राम कि शिकायत अनुसार सन्नी उसका बड़ा पुत्र था जो ड्राइवर की नौकरी करता था। सन्नी वीरवार की रात सूरज, दीपक व अन्य दोस्तों के साथ घूमने के लिए गया था। पूरी रात वह घर नहीं आया और सुबह करीब साढ़े चार बजे एक महिला ने उनके घर आकर बताया कि वाल्मीकि चौपाल की छत पर सन्नी खून से लथपथ पड़ा हुआ है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा की उनके पुत्र के सिर पर गहरी चोटें लगी हैं और व खून से लथपथ पड़ा है। वहां आसपास ईंटें पड़ी हुई थीं। उस समय तक उसकी सांसें चल रही थीं।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर हरिद्वार जाने वाली बसों में बढ़ी शिव भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाशिवरात्रि के चलते जींद से हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं की रोडवेज बसों में भीड़ हो रही है। जींद से हरिद्वार के लिए पांच बस जाती हैं। इसमें से पहली बस सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर चलती है। वहीं इसके बाद दूसरी बस सुबह छह बजकर 40 मिनटए तीसरी बस सात बजकर 55 मिनटए चौथी बस नौ बजकर 25 मिनट और पांचवीं बस दोपहर 12 बजे हरिद्वार के लिए रवाना होती है। जींद से हरिद्वार की दूरी 260 किलोमीटर है और किराया लगभग 360 रुपये लगता है। जींद से हरिद्वार के लिए कोई ट्रेन नही है। ऐसे में जींद से हरिद्वार के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या रोडवेज बसों में ज्यादा है। महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख धार्मिक त्योहार है। यह भगवान शिव को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव की पूजा की जाती है। इस दिन भगवान शिव की मूर्ति या शिवलिंग को पंचामृत से स्नान कराया जाता है। बेलपत्र, धतूरा, जायफ ल, फल, मिष्ठान और मीठा पान चढ़ाया जाता है। शिवालय जाकर गंगाजल और दूध चढ़ाया जाता है। गंगा नदी के किनारे बसा हरिद्वार देश के पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। हरिद्वार में कुंभ मेले का भी आयोजन किया जाता है। कुंभ मेले के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। गंगा में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना यहां लगा रहता है। हर की पौड़ी के पीछे मनसा देवी का मंदिर बना है। हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालु इस मंदिर के दर्शन करना नहीं भूलते है।

### बेहतर सुविधा दी जा रही
रोडवेज डीआई रामफल शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के चलते रोडवेज बसों में जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा है। जींद से हरिद्वार के लिए पांच बस जाती हैं। इसके अलावा प्रयागराज जाने वाली बस भी श्रद्धालुओं को काफी रास आ रही है। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके।



हरिभूमि सहेली



नन्हे बच्चों के हाथों में मोबाइल होने से वे बहुत कुछ ऐसा देख-सुन रहे हैं, जिससे उनके मन की सुकोमलता-मासूमियत खत्म हो रही है, बचपना छीज रहा है, वे समय से पहले परिपक्व हो रहे हैं। इस तरह बच्चों का स्वाभाविक नैसर्गिक विकास प्रभावित हो रहा है। ऐसे में बच्चों की परवरिश कैसे हो, अभिभावकों को यह समझना बहुत जरूरी है।

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

# गुम होती बचपन की मासूमियत

जीवन के सबसे अनमोल पल होते हैं बचपन के। यह जिंदगी का सबसे खूबसूरत और मासूम समय होता है। तभी तो वयस्क होने पर भी हम अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखना चाहते हैं, ताकि उसी आनंद का अनुभव कर सकें। लेकिन आज बच्चों का बचपना, उनकी मासूमियत कहीं गुम-सी हो गई है। उनकी सोच और बोल में सयानापन साफ झलकता है।

## बदल गया लालन-पालन का तरीका

हर पीढ़ी एक-दूसरे से भिन्न और आगे होती है। एक समय था, जब बड़े-बुजुर्ग छोटे बच्चों को खाना खिलाने के लिए उनके सामने थाली में चावल फैला दिया करते थे। बच्चा अपने तरीके से उसे खाने की कोशिश करता था। थाली के बाहर चावल बिखरे होते थे। वह उन्हें भी चुन-चुन कर खाने का प्रयास करता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है। स्मार्टफोन के जमाने में दो से तीन वर्ष के बच्चों के हाथों में भी मोबाइल होता है, जिसे देखते हुए वे



खाना खाते हैं। इतना ही नहीं, खुद माताएं भी स्मार्टफोन में कार्टून या राइम्स लगाकर बच्चों को खाना खिलाती दिखाई दे जाती हैं। फिर चाहे वह घर हो या कोई रेस्तरां। नन्हे-नन्हे नाजुक हाथों में वजनदार मोबाइल फोन अब एक आम बात हो गई है। नतीजा यह हुआ है कि बहुत कम उम्र से बच्चों को मोबाइल फोन देखने की लत लग जाती है। इससे आगे चलकर उनका पूरा व्यक्तित्व प्रभावित होने लगता है।

## स्मार्टफोन ने बदला बच्चों का व्यवहार

छह वर्षीय अनिकेत की मां रोशनी को यह समझने में वक्त लगा कि मोबाइल पर वीडियो गेम्स, रील्स आदि की लत के कारण कैसे बेटे का व्यवहार भी क्षण-क्षण बदलता रहता था। जब वह किसी मोबाइल गेम में डूबा रहता था, तो किसी की नहीं सुनता था। पैरेंट्स की हिदायतों को अनसुना करना आम बात हो चुकी थी। परंतु जब वह किसी सामान्य गतिविधि में लिप्त रहता, खेल या ड्राइंग कर रहा होता, तो उसकी बातों और व्यवहार में मासूमियत होती थी। यानी कहीं न कहीं इंटरनेट और सोशल मीडिया से मिलने वाली गैर-जरूरी सूचनाएं, उसके मन-मस्तिष्क पर गहरा असर डाल रही थीं। उसकी बोली में कड़वाहट, गुस्सा और आक्रोश भर रहा था। सहनशक्ति क्या होती है, वह तो उसे मालूम ही नहीं था। रोशनी ने तय किया कि वह बेटे के सामने मोबाइल फोन नहीं देखेगी या कम से कम देखेगी, ताकि उसे कोई गलत संदेश न जाए।

## पैरेंट्स को देखकर बनती है आदत

हम सभी जानते हैं कि छोटे बच्चे का मन कच्ची मिट्टी-सा होता है। वे अपने बड़ों और पैरेंट्स को जो भी करते देखते हैं, वैसा ही खुद करने की कोशिश करते हैं। इन दिनों वयस्क किस तरह से मोबाइल फोन की गिरफ्त में हैं, यह सच किसी से छिपा नहीं है। किशोर उम्र बेटे के पिता और फिल्ममेकर अभिजीत सिन्हा कहते हैं, '2010 के आस-पास से बाजार में सस्ते स्मार्टफोन और सेललुर डाटा की उपलब्धता बढ़ती गई। घर-घर में स्मार्टफोन पहुंच गया, बड़ों के साथ बच्चों की दुनिया बदल गई। उनके आपसी रिश्ते बदल गए। संवाद कम हो गया। बच्चे जल्दी



बोर होने लगे और मोबाइल उनका साथी बन गया। ऐसा नहीं है कि उससे पहले बच्चों के पास मनोरंजन के कोई साधन नहीं थे। 80 के दशक में टीवी पर बच्चों को लेकर अनेक शो आते थे, जिनका वे बेसब्री से इंतजार भी करते थे। उन शोज का कंटेंट संस्कार देने वाले और ज्ञानवर्धक होता था। कार्यक्रम बच्चों की उम्र को ध्यान में रख कर तैयार किए जाते थे। उनमें हिंसा, वयस्क थीम की कोई जगह नहीं होती थी। आज इंटरनेट के जमाने में बच्चों के पास हर प्रकार की सामग्री पहुंच जा रही, जो उन पर गलत प्रभाव भी डालती है। वे संवेदनहीन हो रहे हैं।'

## शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा छीन रहा बचपन

निजी स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षिका अनाइबा की माने, तो छोटे बच्चों की मासूमियत गुम होने का एक और प्रमुख कारण है, शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा। अंकों का दबाव। पहली-दूसरी कक्षा से ही एक प्रतिस्पर्धा सी शुरू हो जाती है। दूसरे बच्चों से तुलना की जाने लगती है। पैरेंट्स ही अपने बच्चों से सवाल करने लगते हैं कि क्लास के अमुक स्टूडेंट ने इतने अच्छे अंक लाए, तो आप क्यों नहीं ला सकते या सकतीं? बच्चों में परीक्षा का डर कुछ ऐसे भर दिया जाता है कि वह खेलना-कूदना या दोस्तों से मिलना-जुलना सब छोड़ देता है। इससे कम आयु में ही व्यक्तित्व में गंभीरता और सयानापन झलकने लगता है। एग्जाम की थोड़ी भी तैयारी कम हुई या टेस्ट में नंबर कम आएं, तो बच्चे इतने अधिक भावुक हो जाते हैं मानो आगे जीवन में करने को कुछ बचा ही न हो। यह सब अभिभावकों और पीयर ग्रुप के दबाव के कारण ही होता है। इससे उनका कोमल मन आहत होता है और वे कुछ कह भी नहीं पाते। मशहूर शायर निदा फाजली कहा करते थे, 'बच्चों के छोटे हाथों को चांद सितारे छूने दो, चार किताबें पढ़कर ये भी हम जैसे हो जाएंगे।'

### बच्चे को दें मन की करने की आजादी



डॉ. आरती आनंद
क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट

21वीं सदी में सब कुछ इतनी जल्दी-जल्दी हो रहा है कि बच्चे खुद ही खुद के अभिभावक बन गए हैं। जो जानकारी अभिभावकों से जाननी चाहिए, वे जानकारी एलेक्सा और सोशल मीडिया से आसानी से मिल जाती है। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चे को बच्चे ही रहने दें। असमय अनावश्यक अपेक्षाएं न पालें। उन्हें खेलने और अपने मन का करने की आजादी दें। अपनी महत्वाकांक्षाओं को कुछ समय किनारे रख, बच्चों के साथ प्यार से बातें करें, समय व्यतीत करें। आज ये सब नहीं हो पा रहा है। एकल परिवारों के पैरेंट्स के पास समय की कमी होती है। यही बच्चों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है और वे छोटी उम्र में बड़े हो जाते हैं।



---

पति-पत्नी के बीच तकरार-मतभेद होना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन यह लंबे समय तक खींचे, बड़े विवाद को जन्म देकर अलग-अलग होने के रास्ते बनाने लगे तो बात बड़ी चिंता की हो जाती है। जरूरी है पति-पत्नी आपसी संवाद से बढ़ती दरार को पाटें, सामंजस्य बनाएं और मधुरता का समावेश कर, विवाह संबंध को प्रगाढ़ बनाएं।

# बढ़ते तलाक के इस दौर में दांपत्य को कैसे बचाए रखें

मैरिड लाइफ

नम्रता नदीम

'अपने दांपत्य को बचाए रखने के लिए मैं क्या कर सकती हूं?' शालिनी ने मैरिज काउंसलर से जानना चाहा। वह पैंतीस साल की है, दो बच्चों की मां है, एक बड़ी और नामी कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इस लिहाज से आत्मनिर्भर है। लेकिन अपने वैवाहिक भविष्य को लेकर चिंतित है। बदलते समाज की तस्वीर में जो एक बहुत चिंताजनक स्थिति है, वह यह है कि तलाक की दर में उन समुदायों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है, जिनमें विवाह समझौता (कांट्रैक्ट) नहीं बल्कि ऐसा संस्कार है, जो जन्मों तक कायम रहती है यानी धार्मिक दृष्टि से अटूट है। भले ही विधि ने कुछ शर्तों के साथ तलाक की अनुमति दे रखी है। हालांकि शालिनी की उसी व्यक्ति से शादी हुई है, जिससे वह प्यार करती थी, लेकिन संबंध कब नई करवट ले ले, आज के दौर में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसलिए शालिनी की चिंता को समझा जा सकता है। अच्छी बात यह है कि शालिनी अपनी शादी को बचाए रखना चाहती है, इसके लिए प्रयासरत है।



## जरूरी है समस्या पर करें बात

गौरतलब है कि आत्मीय संबंधों में चिंताओं या समस्याओं पर वार्ता करना आज भी अच्छा नहीं समझा जाता है, लोग संकोच करते हैं या कहें उन्हें इस बात का डर रहता है कि कहीं विवाद और न बढ़ जाए। नतीजतन, जो लोग थोड़ी-सी बातचीत से अपने संबंध सुधार सकते हैं, वे जबरन खामोशी के कारण दुखी, परेशान और तनावग्रस्त रहते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब दो व्यक्तियों में आपस में प्यार होता है तो वह बराबरी के पायदान पर होते हैं। ऐसे में दोनों पार्टनर तय कर सकते हैं कि वह किस तरह से एक-दूसरे को देखें-समझें और व्यवहार करें। दोनों ही अपने संबंध को मिलकर सींचते हैं। यह बहुत जरूरी होता है। अनेक संबंध इसलिए खटाई में पड़ जाते हैं कि एक व्यक्ति को उस तरह से समझा या व्यवहार नहीं किया जाता, जिस तरह से वह चाहता है। ऊपर हम जिस शालिनी की बात कर रहे हैं, उसने यह सब कुछ देखा है। कॉलेज के दिनों में उसका एक दोस्त था, जो उसकी परवाह नहीं करता था। लेकिन शालिनी इस संबंध में इतने लंबे समय तक फंसी रही कि अन्य प्यार भरे विकल्पों को उसने तलाश ही नहीं किया।

## संबंध बचाए रखने के तीन आसान रास्ते

विवाह या दांपत्य संबंध को बचाए रखने के लिए तीन बहुत ही आसान रास्ते हैं। अकसर नुकसान लापरवाही से होता है बजाय जान-बूझकर की गई क्रूरता से। इसलिए तीन बातों का ध्यान रखें।

**जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें:** पहली बात, अपने जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें। याद करें, आप जब अपनी शादी के शुरुआती दिनों में अपने पति के फोन में 'फेवर्ड' सूची सबसे पहले देखा करती थीं, आपको एक सुख की अनुभूति होती थी कि ऐसी लिस्ट में आपका नाम सबसे पहला होता था। फोन लिस्ट लगभग बेवकूफी का पैमाना प्रतीत हो सकती है, लेकिन अगर आप दोनों अलग-अलग तरह से एक-दूसरे की वरीयता सूची को टॉप पर नहीं रखेंगे, तो इससे एक प्रकार का असंतुलन दिखेगा जो मधुर संबंध के लिए सही नहीं है।

**ध्यान देकर सुनें:** दूसरा रास्ता है ध्यान दें। जब एक ही पार्टनर ध्यान दे रहा हो तो क्या अनकही बातों को सुना जा सकता है, नहीं। इसलिए सुनें। तारीफ करने के लिए समय निकालें। इससे दोनों पार्टनर खुश रहते हैं।

**एक-दूसरे को स्पेस दें:** तीसरा और अंतिम रास्ता है कि एक-दूसरे को स्पेस दें। यह हो सकता है कि पार्टनर अब उतना अधिक चिंतित न होता हो, जितना आपकी शुरुआती मुलाकातों में हुआ करता था। इस नई स्थिति में आपकी प्रतिक्रिया बेचैनी या गुस्से वाली नहीं होनी चाहिए बल्कि हालात में, बातचीत में और समझौतों में भावुकता होनी चाहिए। इसका अर्थ होता है कि आप अपने पार्टनर को अच्छी तरह से समझती हैं। यानी, दांपत्य को प्रगाढ़ बनाने के लिए आप दोनों का साझा प्रयास जरूरी है।

---

स्किन केयर

नीलोफर

# घर पर ही करें पेडीक्योर पैर दिखेंगे सॉफ्ट-अट्रैक्टिव

अपने चेहरे को सुंदर बनाए रखने के लिए तो हम कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार अपनी कोहनियों, घुटनों, पैरों की सुंदरता को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हमारे ओवरऑल लुक में सिर से पैर तक सभी का महत्व होता है। अगर पैरों की देख-भाल के प्रति जरा भी लापरवाही बरतेंगी तो ये भद्दे, रूखे और अनाकर्षक लगते हैं।

**करें प्रॉपर केयर:** शरीर के हर अंग की सफाई के साथ-साथ पैरों की त्वचा की देखभाल भी बहुत जरूरी है। पैरों की फटी एड़ियां, गंदे नाखून, जगह-जगह से कटे हुए नाखून पैरों के प्रति हमारी लापरवाही को प्रदर्शित करती है, जिसका हमारे व्यक्तित्व पर बुरा असर होता है। हाथों और पैरों की सुंदरता के लिए सैलून जाकर ज्यादा पैसे खर्च करने की बजाय आप घर पर ही मेनीक्योर और पेडीक्योर कर सकती हैं।



**रिमूव करें नेल पॉलिश:** पेडीक्योर करने के लिए सबसे पहले नाखूनों को अच्छी तरह काट लें और इन पर लगी हुई नेल पॉलिश को, नेलपॉलिश रिमूवर से साफ कर लें। इसके बाद इस पर फुट क्रीम लगाएं।

**मसाज:** पैरों की साफ-सफाई के बाद उसकी त्वचा को चमकीला बनाने के लिए मॉयश्चराइजर लेकर पैरों पर हल्की मसाज करें। इसके लिए आप इलेक्ट्रिक फुट मसाजर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। पैरों की मसाज के बाद इसकी चिकनाहट को किसी कॉटन से साफ कर लें।

**डेड स्किन हटाएं:** नेल पॉलिश रिमूव करने के बाद पैरों को पानी में भिगोएं। गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक डालकर उसमें थोड़ा शैंपू मिलाएं और कम से कम 10 मिनट पैरों को उसमें भिगोएं। ऐसा करने से नाखूनों के आस-पास की त्वचा नरम हो जाती है। अब पैरों को बाहर निकालकर पोंछ लें और इन्हें अच्छी तरह रगड़कर साफ करें। इससे डेड स्किन निकल जाती है।

**नेल्स ट्रिमिंग:** अपने नेल्स को अगर आप लंबे रखना चाहती हैं तो उनकी अच्छे से ट्रिमिंग करें। फुट फाइलर की मदद से नाखूनों के किनारों को साफ करें और प्यूमिक स्टोन से अपनी एड़ियों को रगड़कर साफ करें, जिससे डेड स्किन की सफाई हो सके।

**नेल पॉलिश लगाएं:** पेडीक्योर करने के बाद नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने से पहले एक बेस कोट लगाएं। इसके सूखने के बाद अपनी मनपसंद कलर की नेल पॉलिश लगाएं। जब पहला कोट सूख जाए, तब दूसरा कोट लगाएं। जब दूसरा कोट सूख जाए, उसके बाद नेल पॉलिश को कवरेज देने के लिए एक हल्का कोट लगाएं और इसे भी अच्छी तरह सूखने दें।

---

मेडिकल एडवाइस

डॉ. श्वेता मेंदिरत्ता
एचओडी-ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी
मैरिंगो एशिया अस्पताल, एनसीआर

महिलाओं में पीसीओडी समस्या हार्मोनल डिसऑर्डर की वजह से होती है। ऐसा किन वजहों से होता है, पीसीओडी के मुख्य लक्षण क्या हैं, इससे बचाव और उपचार के तरीके के बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# अनहेल्दी लाइफस्टाइल से बढ़ती है पीसीओडी की प्रॉब्लम

पीसीओडी की प्रॉब्लम को पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर कहते हैं। यह एक हार्मोनल डिसऑर्डर है। यह प्रॉब्लम 15 से 45 साल की उम्र तक की महिलाओं में किसी भी उम्र में हो सकती है। लेकिन जब प्यूबर्टी के बाद मेनार्की स्टेज यानी जब उन्हें पीरियड्स शुरू होते हैं, उस समय ज्यादा देखने को मिलता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में तकरीबन 20-25 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओडी की प्रॉब्लम है।

**कैसे होती है यह प्रॉब्लम:** जब महिलाओं के शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं तो पीसीओडी की प्रॉब्लम देखने को मिलती है। कहने का मतलब है कि उनके शरीर में फीमेल हार्मोंस एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन के बजाय मेल हार्मोंस टेस्टोस्टेरोन और एंड्रोजन का लेवल बढ़ जाता है। इससे उनकी ओवरी से हर महीने रिलीज होने वाले अंडे की प्रक्रिया गड़बड़ा जाती है। पूरी तरह मैच्योर न होने के कारण अंडे का ओवोल्यूशन नहीं हो पाता। इससे महिला का पीरियड साइकल अनियमित हो जाता है। अपरिपक्व अंडे ओवरी में छोटे-छोटे सिस्ट के रूप में बदल जाते हैं, जिसकी वजह से महिला को कई तरह की प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं।



**पीसीओडी के प्रमुख लक्षण:** पीसीओडी को आप कुछ लक्षणों से पहचान सकती हैं, जैसे- पीरियड्स समय पर न आना, चेहरे पर अनचाहे बाल आना, सिर के बाल झड़ना, पिंपल्स होना, वजन बढ़ना और मूड स्विंग होना। आगे चलकर महिला में एनोव्यूलेशन की प्रॉब्लम हो सकती है, जिससे गर्भधारण में समस्या या इंफर्टिलिटी का खतरा भी हो सकता है। यहां बताए गए लक्षण दिखने पर आपको जल्द से जल्द स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

**पीसीओडी होने के कारण:**

- अनियमित दिनचर्या, समय पर खाना न खाना, देर से सोना।
- रेग्युलर एक्सरसाइज न करना।
- जंक फूड या प्रोसेस्ड फूड, ऑयली डाइट का ज्यादा सेवन।
- रूटीन लाइफ में स्ट्रेस में रहना।

**ऐसे होता है डायग्नोज:** आमतौर पर महिला के फिजिकल चेकअप से ही डॉक्टर पीसीओडी को डायग्नोज कर लेते हैं। ओवरी सिस्ट की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड और हार्मोन लेवल का पता लगाने के लिए ब्लड टेस्ट किए जाते हैं।

**ट्रीटमेंट का तरीका:** पीसीओडी की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए मुख्य रूप से प्रिवेंटिव केयर स्ट्रेटजी यानी लाइफस्टाइल में बदलाव पर जोर दिया जाता है। महिला को सख्ती से हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने, संतुलित-पोषक आहार का सेवन करने और वजन कंट्रोल करने की हिदायत दी जाती है। मरीज की स्थिति के हिसाब से नॉन-हार्मोनल दवाइयां दी जाती हैं, सुधार न आने पर हार्मोनल दवाइयों का कोर्स भी दिया जाता है।



**बचाव है संभव:** इन बातों पर करें अमल-

- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित और सुपाचय आहार लें, जिसमें कार्बोहाइड्रेट और वसा के अलावा पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिंस और प्रोटीन हो।
- रिफाइंड खाद्य पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, पैक्ड जूस जैसी हाई शुगर ड्रिंक्स, ऑयली, प्रोसेस्ड और जंक फूड को खाने से बचें।
- फल, सब्जियां, दालें, अंकुरित अनाज, डेयरी प्रोडक्ट्स, मल्टीग्रेन और सूखे मेवों को आहार में शामिल करें।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

---

आजकल लोग घूमने के लिए एकसाथ ग्रुप टूर पर भी निकलते हैं। इस तरह की जर्नी के पीछे यही उद्देश्य होता है, रुटीन बिजी लाइफ से अलग थोड़ा एंज्वॉयमेंट हो जाए, एक ताजगी महसूस हो। आपका ग्रुप टूर सुहाना रहे, यादगार बने, इसके लिए जरूरी है आप कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें।

# ग्रुप टूर के दौरान याद रखें कुछ एटिकेट्स

सजेशन

पूर्ति खरे



यात्राएं हमें नए अनुभव, ज्ञान और आनंद प्रदान कराती हैं। चूंकि यात्राएं हमें तरोताजा कर देती हैं, रोजमर्रा के कामों से बोर हो रही जिंदगी में उत्साह-उमंग पैदा करती हैं, इसलिए समय-समय पर हमें यात्राएं करते रहना चाहिए, चाहे परिवार के साथ या परिचितों के साथ ग्रुप में। लेकिन किसी भी तरह की यात्रा के दौरान खासतौर से ग्रुप टूर में हमें कुछ एटिकेट्स यानी शिष्टाचार का पालन जरूर करना चाहिए। यदि हम सफर के दौरान नीचे बताए गए कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो हम अपना ही नहीं, अपने साथी यात्रियों का सफर भी सुहाना बना देंगे। यदि आप भी अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों या दोस्तों के साथ टूर की तैयारी कर रही हैं तो इस दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें-

**घर जैसा व्यवहार न करें:** जब हम ग्रुप में लंबी जर्नी कर रहे होते हैं, तो जगह-जगह होटल, धर्मशाला या लॉज में रुकते हैं। याद रखें, साथ रुकने वाले लोग आपके घर के सदस्य नहीं हैं, इसलिए इनके साथ एकदम घर जैसा व्यवहार करने से बचना चाहिए। हमें दूसरों के साथ प्रेम और सम्मान से पेश आना चाहिए। सामान्य शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। दूसरों के साथ कमरा साझा करने से पहले उनकी अनुमति जरूर ले लेनी चाहिए।



**साफ-सफाई का ख्याल रखें:** ग्रुप टूर के दौरान हमें अपने आस-पास की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। हमें कूड़ा-कचरा सही जगह पर फेंकना चाहिए, दूसरों के साथ कोई खाने की चीज साझा करने से पहले अपने हाथ जरूर धो लेने चाहिए।

**दूसरों का सम्मान करें:** कभी-कभी ग्रुप टूर के दौरान हमारे साथ दूसरी संस्कृति, परंपरा और भाषा के लोग होते हैं। हमें सबसे प्रेम से पेश आना चाहिए, उनका सम्मान करना चाहिए। हमें दूसरों के साथ बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों को पूरा करने का भी हर संभव प्रयास करना चाहिए।

**खान-पान का ध्यान रखें:** यात्रा के दौरान हमें अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। हमें स्वच्छ-स्वस्थ भोजन करना चाहिए। दूसरों के साथ भोजन साझा करने से पहले यह जान लेना चाहिए कि वे ऐसा चाहते भी हैं या नहीं? हमें साथ में खाना खाते समय शिष्टता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। अकेले में खामोशी से नहीं, एक-दूसरे से बातचीत करते हुए लंच या डिनर करना चाहिए।

**अपने सामान का खुद रखें ध्यान:** ग्रुप टूर के समय साथ में बहुत से लोग होते हैं, ऐसे में हमें अपने सामान का ध्यान रखना चाहिए, उसे सुरक्षित रखना चाहिए। साथ ही हमें दूसरे जगह पर निकलने से पहले अपने सामान को सही तरीके से पैक करना चाहिए। यात्रा के दौरान साथी यात्रियों का भी ध्यान रखना चाहिए।

**किसी भी सहयात्री को न हो परेशानी:** ग्रुप टूर करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आपके कारण किसी को कोई तकलीफ-परेशानी नहीं हो। आप शिष्टाचार का पालन करके, सबके साथ अपना स्नेह-प्रेम भरा व्यवहार करके अपनी जर्नी को सुखद और यादगार बना सकती हैं। यात्रा के दौरान हमें अपने अनुभवों को साझा करना चाहिए, दूसरों के साथ अच्छे रिश्ते बनाने का प्रयास करना चाहिए। इससे आपकी यात्रा मीठी यादों से भर उठेगी।

## खबर संक्षेप

### बड़ौदा में चलाया स्वच्छता अभियान

जींद। बड़ौदा गांव में निरंकारी साध संगत द्वारा गुरु पूजा दिवस के उपलक्ष में जैन मुनि मायाराम हस्पताल में स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य आमजन को सफाई के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के इंचार्ज विकास, संदीप ने बताया कि आने वाले समय में उचाना क्षेत्र में लगातार सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान समस्त साध संगत बड़ौदा द्वारा चलाए जाते रहेंगे।

### दादा दुला तीर्थ वार्षिक महोत्सव आयोजित

जींद। बुडायन गांव में दादा दुला तीर्थ कावार्षिक महोत्सव मनाया गया। मुख्यअतिथि के तौर पर उचाना विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। हवन के बाद भंडारे का आयोजन भी हुआ। अत्री ने कहा कि गरीब परिवार का कोई सदस्य बीमार होने पर उसको उपचार के लिए किसी तरह की परेशानी न हो, इसको लेकर सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

### उचाना से आठ को खाटू श्याम जाएगी ध्वज यात्रा

जींद। फागुन पर श्री श्याम सेवक समिति उचाना मंडी की अगुवाई में दूसरी पैदल ध्वज यात्रा उचाना से खाटू श्याम जाएगी। शीशपाल शास्त्री ने बताया कि श्री श्याम फागुन मेले पर ये यात्रा आठ मार्च को उचाना मंडी के महाराजा अग्रसेन मंदिर के पास से रवाना होगी। ये दूसरी पैदल ध्वज यात्रा है।

### साहित्य सेवी संगठन के प्रधान बने प्रो. जगबीर

जींद। उचाना ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित मीटिंग में उचाना साहित्य सेवी संगठन का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्षता पूर्व प्रधान एवं साहित्यकार रामफल खटकड़ ने की। कार्यक्रम का आरंभ जगदीश पांचाल ने कविता से किया गया। जिसमें प्रत्येक मानव को अपने होने का अहसास करवाने का संकल्प दोहराया गया। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी धर्मवीर आर्य ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है ए समाज में फैली तमाम बुराइयां साहित्य ही पृष्ठ पर उकेरता है।

### बनैन खाप की बैठक नौ मार्च को होगी

नरवाना। उत्तर भारत कि सबसे बड़ी खाप कि अहम बैठक बिनैन खाप के चबूतरे रखी है। सर्वजातीय बिनैन खाप के प्रवक्ता संदीप ने बताया कि ये बैठक सर्वभारत खाप व सर्वजातीय बिनैन खाप के प्रधान रघुबीर नैन कि अध्यक्षता में होगी जिसमे कुछ नये व कठोर फैसले भी लिए जा सकता है। प्रतिनिधि मंडल 9 मार्च को सर्वजातीय बिनैन खाप के ऐतिहासिक चबूतरे पर पहुंचेगा तथा अपने आप को सर्वजातीय बिनैन खाप में शामिल करने का ऐलान करेगा।

### बैंक जाने की बात कहकर नही लौटी महिला, केस दर्ज

जींद। गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव से बैंक जाने की बात कहकर गई महिला घर नहीं लौटी। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। गढ़ी थाना क्षेत्र गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फिलहाल टोहाना में अपने परिवार सहित रह रहा है। उसकी पत्नी टोहाना के एक निजी अस्पताल में काम करती है।

### किसानों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

जींद। उचाना हाइवे स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी में खंड कृषि कार्यालय उचाना में आत्म स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। उचाना ब्लॉक के गांवों से किसान पहुंचे। अध्यक्षता उपमंडल कृषि अधिकारी नरवाना डा. बलजीत लाठर ने की। डा. लाठर ने किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### सीआरएसयू में छात्रों ने प्रारंभ की भूख हड़ताल

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि में एक साल से होटल मैनेजमेंट की प्रैक्टिकल कक्षाएं नहीं लगने पर विद्यार्थी सोमवार को अनिश्चितकाल भूख हड़ताल पर बैठे। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बीए म्यूजिक मास कॉम लाइब्रेरी विभाग के छात्रों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

---

### लघु सचिवालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

# बजट के अभाव में पांच माह से बंद पड़ा ऑक्सीजन प्लांट

## सांसदों ने विकास कार्यों की समीक्षा की तो अधिकारियों के निकले पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा ने की। जबकि सहअध्यक्ष के रूप में सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और हिसार के सांसद जयप्रकाश पहुंचे। इस दौरान सोनीपत सांसद ने अधिकारियों से अमृत सरोवर योजना के बारे में पूछा तो सांसद जेपी ने कहा कि तालाबों का सुधार कुछ नहीं हुआ है, बस नाम बदला है। इसके बाद नेशनल हाईवे पर टोल पर एंबुलेंस जैसी सुविधा को लेकर कर्मचारियों से जवाब मांगा। सांसद जेपी ने कहा कि जींद क्षेत्र में जितने भी टोल बने हुए हैं, उन पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं है। वहां पर वीआईपी लेन को भी बंद रखा जाता है। यदि किसी समय वाहनों का आवागमन कम हो जाता है तो एक-दो लेन चालू छोड़ बाकी को बंद कर दिया जाता है। ऐसे में एंबुलेंस या कोई अन्य वाहन आता है तो उसे निकलने में परेशानी होती है। इसलिए यह सुविधा मुहैया होनी चाहिए। हादवे पर एंबुलेंस तक नही थीःसोनीपत सांसद ने कहा कि रविवार को नेशनल हाईवे 152डी पर हादसा हुआ लेकिन वहां पर एंबुलेंस भी नहीं थी। पुलिस को सूचना देने के बाद ही वहां एंबुलेंस पहुंची। इसके बाद नागरिक अस्पताल की व्यवस्था बारे डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया से पूछा तो उन्होंने बताया कि पांच माह से आक्सीजन प्लांट बंद है। उसको चलाने के लिए पांच लाख रुपये का अस्टीमेट भेजा हुआ है। जब आएगा तो प्लांट को चला दिया जाएगा। इस पर सोनीपत सांसद ने कहा कि वह अपने कोटे से पांच लाख रुपये की राशि देते हैं। लोगों को इलाज में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। वहीं नागरिक अस्पताल में एक्सरे की कैसेट भी तीन.चार महीने से खराब पड़ी है।



ई-दिशा बैठक में अधिकारियों की क्लास लेते सोनीपत, हिसार, सिरसा सांसद।

#### हांसी ब्रांच में डाला जा रहा गंदा पानी

बैठक में एक व्यक्ति ने ढाठरथ गांव के पास हांसी ब्रांच नहर में गंदा पानी डालने का मुद्दा उठाया। व्यक्ति ने कहा कि ढाठरथ के पास नहर में गांव का गंदा पानी डाला जा रहा है। उसी पानी को गांवों में पेयजल के लिए भेजा जाता है। इस पर सांसद कुमारी शैलजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर जांच किजिए और नहर में डाले जा रहे गंदे पानी को बंद करवाएं। वहीं गोइयां गांव में भी दो साल से जलघर में फिल्टर खराब पड़ा है। अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है लेकिन समाधान नहीं हुआ। सांसदों ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता को जल्द फिल्टर सही करवाने के निर्देश दिए।

#### जींद में विकास कांग्रेस की देन : जयप्रकाश

सांसद जयप्रकाश ने कहा कि विकास के मामले में कोई भी अधिकारी गलत करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। जो विकास कार्य होने चाहिए थे, वो नही हो रहे हैं। जो भी भाजपा नेता विकास के दावे कर रहे हैं, उन्हें यह ही नही पता कि काम कैसे होते हैं। वो भाजपा नेताओं से पूछना चाहते हैं कि क्या वो अकेले कोई निर्णय ले सकते हैं। भ्रष्टाचार किसी से छुपा नही है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बिना खर्ची पर्ची नौकरी देते हैं लेकिन उन्होंने मुद्दा उठाया कि कितनी नौकरी मिली। ए और बी में कितने हरियाणा के लोगों को नौकरी मिली। डी ग्रुप में युवाओं के साथ ठगी हुई है। जॉब सिक्योरटी एक्ट के तहत अपावयमेंट शुरू कर दी। आज तीन हजार बच्चे बिना स्टेशन के घूम रहे हैं। एचकेआरएन के पांच हजार बच्चे हटा दिए। यह कानून को मानने वाले नही है। अमेरीका तक भ्रष्टाचार के मामले में उनकी बदनामी हो चुकी है। जींद की फिजा कांग्रेस ने बदली है। एक-एक टाइम में सौ-सौ करोड़ की ग्रांट हुड्डा ने दी, सांसद जयप्रकाश ने दी हैं।

#### पिंडारा तक भी पहुंचा दो नहरी पानी

शहर के लोगों को नहरी पानी मुहैया करवाने के लिए बड़ौदी गांव में जलघर का निर्माण करवाया जा रहा है। इस पर सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि जब यह पानी शहर तक आ जाएगा तो इसे पिंडारा तक भी पहुंचा दो। इस पर अधिकारियों ने कहा कि यह योजना केवल शहर के लिए है। इस पर सांसद ने कहा कि जब पानी बस अड्डे तक पहुंच जाएगा तो पिंडारा तक ले जाने में क्या दिक्कत है।

---


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी राजेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

## जिले को नशा मुक्त बनाने में युवा निभाएं अहम भूमिका: एसपी राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए अभियान के तहत उचाना कलां के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर एसपी राजेश कुमार ने शिरकत की और कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए युवाओं की अहम भूमिका होती है। जींद को नशा मुक्त करने के लिए लोगों भरपूर सहयोग मिल रहा है। जिले के 71 गांव व वार्डो को नशा मुक्त किया जा चुका है। एसपी ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज में बढ़ता ड्रग्स का प्रचलन एक बड़ी समस्या है व समय रहते इस बुराई पर अंकुश लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा इस कार्य के लिए सभी विभागों को एकजुट होकर व योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों और प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने स्तर पर ड्रग जैसी बुराई से समाज को बचाने के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा अगर हर व्यक्ति खुद व अपने परिवार को ड्रग से बचा कर रख लें, तो यह समस्या ही नही रहेगी। कहीं न कहीं निरक्षरता, अज्ञान, गरीबी के कारण लोग अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अतः समाज को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशे की डिमांड को नियंत्रित करने के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं उसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। समाज से ड्रग्स जैसे बुराई को स्थायी रूप से खत्म करने के लिए तस्करों पर सख्ती के साथ-साथ उसकी डिमांड साइड पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। समाज में किसी नशे की डिमांड नही होगी तो समाज अपने आप इस बुराई से दूर होता जाएगा। हर परिवार के मुखिया की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने घर व परिवार के युवाओं का सही मार्गदर्शन करे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्कूल के बच्चों से कहा कि युवा ही इस कार्य में मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। रणपाल श्योकंद, अशोक कुमार, रमेश कुमार, रामप्रसाद, धर्मवीर, दीपक जैन, कपिल देव, सुरेंद्र, राजेश, राममेहर, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

---

### मिड डे मील वर्कर्स की मांगों को पूरा करे सरकार

जींद। मिड डे मिल वर्कर्स हरियाणा का पांचवां राज्य सम्मेलन 30-31 मार्च को जींद की पंजाबी धर्मशाला में होगा। सम्मेलन के मौके पर खुला अधिवेशन किया जाएगा। राज्य सम्मेलन की तैयारियों के लिए मजदूर भवन धागा मिल कॉलोनी में स्वागत समिति के गठन के लिए जनसंगठनों व गणमान्य नागरिकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मिड डे मिल वर्कर्स की जिला उपप्रधान पिंकी रामराये व संचालन जिला सचिव सुनीता ने किया। उन्होंने कहा कि 30-31 मार्च को पूरे हरियाणा से राज्यस्तरीय सम्मेलन मे चुने हुए प्रतिनिधि भाग लेंगे। आगामी तीन साल की योजना बनाई जाएगी और आगामी तीन साल के लिए नई कमेटी का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में करीबन 25 लाख व हरियाणा में सरकारी स्कूलों में करीबन 30 हजार मिड-डे मील वर्कर्स कार्यरत हैं।


जींद। बैठक में भाग लेते मिड-डे मील वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि


जींद। विद्यार्थियों के साथ मौजूद डॉ नरेश जागलान। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थी मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें : नरेश

जींद। राजकीय पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय कैंप के दूसरे दिन की शुरूआत योगाभ्यास से हुई। प्रथम सत्र में डा. नरेश जागलान ने शिरकत की। वह कई वर्षों से जींद में मनोवैज्ञानिक के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वह जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पॉक्सो इंडिया एक्ट, मोबाइल का इस्तेमाल न करने, सोशल मीडिया के प्रभाव से बचने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथसाथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। भोजन के बाद के सत्र में विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्त भारत अभियान पर पोस्टर मेकिंग कंपीटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने नशे की बुराई से बचने संबंधित पोस्टर तैयार किए। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व में आयोजित कैंप से संबंधित अपने अनुभव सांझा किए, जो स्वयंसेवक राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तरीय और एडवेंचर कैंप में शामिल हुए थे। उन्होंने अन्य स्वयंसेवकों को अपने अनुभवों से लाभान्वित किया।

### छात्रों को करियर विकल्पों की दी जानकारी

नरवाना। केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में बीकॉम एवं एमकॉम के विद्यार्थियों को उनके करियर के विभिन्न विकल्पोंए संभावनाओं और सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता विक्रम भारद्वाज सहायक प्रबंधक चंडीगढ़ ग्रुप आफ कॉलेज मोहाली एवं विशाल हुड्डा मिंटू लाऊंगा थे। उन्होंने विद्यार्थियों को बीकॉम के बाद विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों जैसे बैंक पीओ, क्लर्क, इन्वेस्टमेंट, अकाउंटेंट, टैक्स कंसलटेंटए जीएसटी विशेषज्ञए फाइनेंस मैनेजर ऑडिटर एयूपीएससी, एसएससी एरेलवे और राज्य सरकार के विभिन्न क्षेत्र में नौकरियों के बारे में बताया। उन्होंने कैरियर गाइडेंस के तहत अपने कोर्स वर्क को पूरा करके मेहनत और लगन से इन्हें पूरा करने के बारे में बताय कॉलेज प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को ऐसे व्याख्यानों से लाभ प्राप्त कर करियर को संवारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर रेनू बाला, सोनू कुमार, वंदना , परमिंदर, सुनील कुमार आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।


नरवाना। छात्रों को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### छात्रा परी राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रथम

नरवाना। ब्रह्मकुमारीज संस्था माउंट आबू राजस्थान द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष में राजयोग फ़ॉर किड्स के तहत स्पिरिचुअल सिंगिंग कांटेस्ट का राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पूरे भारतवर्ष के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एसडी कन्या महाविद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा परी ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती नीना गुप्ता ने विस्तृत बताया कि इस प्रतियोगिता में न केवल पूरे भारतवर्ष के गुवाहाटीए वडोदराए मुंबईए दिल्लीए अहमदाबादए नोएडाए कोलकाताए पुणेए पठानकोटए भोपालए जयपुरए लखनऊ एवं अन्य शहरों से बल्कि दुबई के भी अनेक बच्चों ने भाग लिया जिसमें डायमंड वर्ग 11 से 15 वर्ष में परी ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नरवाना का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने बताया कि छात्रा परी विद्यालय के संगीत प्राध्यापक अरविंद गर्ग के निर्देशन में पहले भी जिला एवं राज्य स्तरीय अनेकों प्रतियोगिताओं में अपने गायन का लोहा मनवा चुकी है।

---



जींद। कार्यशाला में रिसोर्सपर्सन के साथ मौजूद बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### सीआरएसयू में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के अंग्रेजी विभाग के द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ विवि कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन, सीडीएलयू सिरसा से प्रो. उमेद सिंह व अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापकों के द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया एवं उन्होंने अनुभव को सांझा किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार की वर्कशॉप का लाभ उठाने की बात कही। प्रातःकालीन स्तर में रिसोर्सपर्सन प्रो. उमेद सिंह रहे। जिन्होंने लिटरेरी क्रिटिसिज्म एंड थ्योरी के ऊपर विस्तार से चर्चा की। सायंकालीन स्तर में रिसोर्स पर्सन दिल्ली विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग से डा. राजकुमार वर्मा रहे। विभिन्न सिद्धान्तों जैसे कि पोस्ट मॉडर्निजम, पोस्ट कोलोनिसुम, फेमिनिज्म, इको क्रिटिसिज्म को लेकर चर्चा की। विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग डा. सुनील फोगाट ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। अंग्रेजी विभाग की प्रभारी डा. ममता ढांडा संगीत विभाग, डा. कविता व अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

## शॉटपुट इवेंट में संगीता और लॉगजंप में खुशी रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को दो दिवसीय 18वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्यअतिथि प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने शुभारंभ किया। प्राचार्य ने छात्राओं, प्रतियोगी छात्राओं व महाविद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए खेलकूद के महत्व के बारे में बताया। यह सिर्फ शारीरिक फायदा न पहुंचाते बल्कि मानसिक तौर पर भी शक्ति प्रदान करते हैं। आज के मोबाइल युग में खेलों के द्वारा अपनी ऊर्जा का सही उपयोग किया जा सकता है। खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर कई असाध्य रोगों से बचा जा सकता है। हरियाणा की खेल नीति खिलाडिय़ों के लिए बहुत फायदेमंद है। जिसमें उचित ईनाम, उचित रोजगार दिया जाता है। शॉटपुट इवेंट में प्रथम संगीता, द्वितीय अंतिम व तृतीय अन्नु रही। 400 मीटर दौड़ में प्रथम कॉफी, द्वितीय खुशी व तृतीय प्रियंका रही। 4 गुणा 100 रिले रेस में प्रथम कॉफी ग्रुप, द्वितीय राखी गुरप व तृतीय संगीता ग्रुप रहा। लॉग जंप में प्रथम खुशी, द्वितीय पायल व तृतीय अन्नु, डिस्क्स थ्रो में प्रथम खुशी, द्वितीय आशा व तृतीय संगीता रही।


जींद। शिव मंदिर में पौधे रोपित करते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### हिंदू कन्या कालेज की छात्राओं ने शिव मंदिर में रोपे पौधे

जींद। गांव हैबतपुर के शिव मंदिर में हिंदू कन्या महाविद्यालय की 25 छात्राओं ने इको क्लब की इंचार्ज डा. सीमा दलाल के नेतृत्व में पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने 15 पौधे रोपित किए। जिनमें विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। उन्होंने छात्राओं को वृक्षारोपण के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। डा. सीमा दलाल ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने और उसके लिए काम करने का अवसर प्रदान करता है। छात्राओं ने पौधों को लगाने के बाद उनकी देखभाल के लिए भी प्रतिबद्ध किया। इको क्लब इंचार्ज डा. सीमा दलाल ने कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर जसबीर काजल, राजपाल व संजू भी मौजूद रहे।

---

**राजनीति** | जनता के सामने आया दोगला चेहरा, किसानों के नाम पर घडियाली आसूं बहा रही कांग्रेस

भोलेभाले किसानों को गुमराह कर उन्हें भटकाने का प्रयास कर रही

# जींद : भाजपा को बदनाम करने का षड़यंत्र न रचे कांग्रेस-आप : मलिक

- किसानों के नाम पर कांग्रेस अपना एजेंडा चलाने की कोशिश कर रही थी लेकिन जनता ने इसे सिरे से नकार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसानों के नाम कांग्रेस ओर आम आदमी पार्टी भाजपा को बदनाम करने का जो षड़यंत्र रच रही है। इसको जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस व आप अपने फायदे के लिए किसानों के नाम पर अपनी राजनीति रोटियों सेकेंने का काम कर रही है। देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत सिंह मलिक ने कांग्रेस व आप पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दोनों पार्टियां घडियाली आशू बहा कर जनता व किसानों को गुमराह करने की नाकाम कोशिश कर रही हैं। इनका फरेब जनता समझ चुकी है और अब इनके बहकावे में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश की जनता भाजपा की नीतियों से खुश है, तभी जनता ने तीसरी बार मौका दिया है। किसानों के नाम पर कांग्रेस अपना एजेंडा चलाने की कोशिश कर रही थी लेकिन जनता ने इसे सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टिया किसानों के नाम सहारा ले रही हैं और भोलेभाले किसानों को गुमराह कर उन्हें भटकाने का प्रयास कर रही हैं।

#### देश को आगे बढाने में किसान का अहम योगदान

उन्होंने कहा कि देश में मोदी व प्रदेश में नायाब सरकार किसानों के कल्याण के लिए अनेकों योजना लेकर आ रही हैए जिनका किसानों को सीधा फायदा हो रहा है और किसान आज खुशहाल जीवन जीने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों की दर्जनों फसलों को एमएसपी खरीद रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना, प्रधानमंत्री फसल



बीमा योजना व राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और हनी मिशन जैसी अनेकों योजनाएं किसानों के कल्याण के लिए मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, जिनका फायदा किसानों को मिल रहा है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसी के बहकावे में आकर रोड जाम व आंदोलन जैसे कदमों से बचे। इससे देश व प्रदेश दोनों को नुकशान है। क्योंकि देश को आगे बढाने में किसान का अहम योगदान होता है।

### सरोज की पुस्तक दहिया के दोहे का विमोचन किया

जींद। हरियाणा सदैव संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि हरियाणवी बोली नही भाषा है, जो अपने आप में संपूर्ण भाषा है। इस भाषा में गीत रागनी उपन्यास दोहे इत्यादि सभी प्रकार का साहित्य उपलब्ध है। इसलिए हरियाणवी को संवैधानिक रुप से भाषा का दर्जा मिलना चाहिए। निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी सोनीपत की साहित्यकार सरोज दहिया की पुस्तक दहिया के दोहे का विमोचन करते हुए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सरोज दिया नही अबतक हरियाणवी भाषा में उपन्यास रागनी और दोहे की 10 पुस्तकों का दर्शन किया है। अन्होंने हरियाणवी भाषा में विभिन्न विषयों पर एक हजार दोहे लिख कर दहिया के दोहे नामक पुस्तक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी और रश्मि विद्यार्थी को समर्पित की है तथा एक बार फिर से सिद्ध किया है कि हरियाणवी बोली नहीं भाषा है।

**सूचना**

मैं, राममेहर सिंह पुत्र श्री हवा सिंह निवासी धरौंदी तह. नरवाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरी पुत्री शिवानी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री सुरजमल निवासी मकान नं. 776 न्यु हाउसिंग बोर्ड कालोनी जीन्द तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा शस्त्र लाइसेंस नं. DMJ/JC/AL/ARMY/2010 /2032 दिनांक 20.12.2024 को जाट धर्मशाला के नजदीक जीन्द में गुम हो गया है। अब मैं अपने शस्त्र लाइसेंस डुप्लीकेट जारी करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### हरसोला से युवती संदिग्ध हालत में लापता, केस

**कैथल।** तितरम पुलिस ने एक युवती के बिना बताए घर से चले जाने का मामला दर्ज किया है। तितरम पुलिस के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 फरवरी को गांव हरसोला से उसकी बहन बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी एएसआई बबीता ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशा के खिलाफ महाकुंभ आज

**कैथल।** पुलिस लाइन कैथल में नशा के खिलाफ महाकुंभ का आयोजन आज किया जाएगा। इसमे पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पंचायत, महिला एवं बाल विकास व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा कैथल के सभी गांव के पंच व सरपंच भाग लेंगे। कैथल पुलिस द्वारा पुरे भारत में एक पहल की गई है जो इस नशे के खिलाफ महाकुंभ में सभी विभागों के कर्मचारियों, पंच सरपंच व अन्य व्यक्तियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में ट्रेन भी किया जाएगा। जो यह सभी आगे आमजन व युवाओं को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशा न करने बारे जागरूक करेंगे।

### विस उपाध्यक्ष ने जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह में किसानों को किया संबोधित

# कल्याणकारी नीतियों से अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी हो रहा लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग का समान रूप से विकास करने के अपने वादे पर अटल है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए निरंतर नई योजनाओं के माध्यम से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभांवित करने का काम किया जा रहा है। केंद्र व राज्य सरकार जय जवान-जय किसान के नारे को चरितार्थ करते हुए किसानों को नई-नई योजनाओं के माध्यम से सशक्त करने का काम कर रही है।

हरियाणा विस उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा सोमवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह में उपस्थित किसानों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम के दौरान सभी किसानों ने भागलपुर बिहार में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों


**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

को दिए गए संदेश को भी सुना। राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बटन दबा कर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त को किसानों के खातों में हस्तांतरित कियाए जिसमें जिला जींद के करीब एक लाख 56 हजार किसान भी शामिल है। उप कृषि निदेशक डा. गिरीश नागपाल ने मुख्यातिथि हरियाणा विस उपाध्यक्ष व समाजसेवी कैप्टन योगेश कुमार का कार्यक्रम में पहुंचने पर पगड़ी पहनाकर व शॉल भेंट कर स्वागत किया। विस उपाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा जवानों, किसानों, मजदूरों, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के साथ-साथ समाज के अन्य वर्गों के लिए अनेकों जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाया है। इन नीतियों के कारण ही आज देश व प्रदेश के साथ-साथ जींद जिला का भी चहुंमुखी विकास हो रहा है। जींद जिला में विकास को लेकर कई योजनाओं को पूरा किया जा चुका है और निरंतर यह विकास का कारवां आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच के तहत समाज के हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेए इसके लिए जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों की एक-एक फसल का एक-एक दाना खरीदने का काम किया जा रहा है। किसान निधि के तहत किसानों को वर्ष 2019 से प्रतिवर्ष छह हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है

### देश के किसान विकसित भारत का आधारः श्याम सिंह



**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन व मत्स्य विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि देश के किसान विकसित भारत का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों को सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा में अथक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों के कल्याण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सराहनीय कदम है और इससे किसानों को काफी मदद मिलती है। हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने बिहार के भागलपुर में आयोजित किसान सम्मान समारोह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव सुना। प्रधानमंत्री ने इस दौरान किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। उन्होंने बताया कि 19वीं किस्त के अन्तर्गत हरियाणा राज्य के 16.38 लाख पात्र किसानों को 360.27 करोड़ रुपये की राशि किसानों के आधार से जुड़े बैंक खाते में सीधे डाली गई है। 19वीं किस्त के अन्तर्गत कैथल जिले के 98 हजार 278 पात्र किसानों को भी इस योजना का लाभ मिला है। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा किसानों के हितों में चलाई जा रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती, मेरी फसल मेरा ब्योरा, धान की सीधी बीजाई, फसल अवशेष प्रबंधन, भावांतर भरपाई योजना व मृदा स्वास्थ्य आदि अनेक योजनाओं से किसानों को काफी लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 34.58 लाख किसानों को 8732.36 करोड़ रुपये का क्लेम वितरित किया जा चुका है।


**जींद।** छात्राओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन किया

- सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के विज्ञान विभाग ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नाम कमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के विज्ञान विभाग ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्षा निशा ने बताया कि 21.22 फरवरी को पंडित चिंरजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल में विज्ञान प्रदर्शनी हुई।

### 69 टीमों ने हिस्सा लिया

इस प्रदर्शनी में प्रदेश के अलग अलग महाविद्यालयों की 69 टीमों ने भाग लिया। उस प्रदर्शनी में कालेज की छात्रा रविता कौर और मानसी ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए स्मार्ट गैजेट मॉडल बनाकर भौतिक विज्ञान में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ अंजना लौहान ने कहा कि ज्ञान तकनीक और कला का बेहतर प्रदर्शन करते हुए छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में निशाए रेनूए सलिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर एन एस एस? के कोर्डीनेटर जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे। छात्राओं को सम्मानित किया इस अवसर पर डॉण नयनदीपए रेखा कौहलीए डॉण अनिता छाबड़ाए डां शालू सचदेवाए मधु शर्माए मूर्ति जागलान ने दोनों छात्राओं को सम्मानित करते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल उपप्रधान राजकुमार गोयलए और सचिव जियालाल गोयल ने बधाई दी।

# भगवान श्री राम का जीवन आदर्श व मर्यादा का प्रतीक : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज. पूंडरी

पूंडरी के पाई गेट स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में आयोजित श्री राम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक कार्यक्रम के तहत सोमवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, संतों, भक्तों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शोभायात्रा में श्री राम दरबार की मूर्तियों को भव्य रूप से सुस'जित रथ पर विराजमान किया गया, जिसे फूलों और रंग-बिरंगे वस्त्रों से सजाया गया था। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहे थे। आगे चल रहे डीजे पर भजन संकीर्तन हो रहा था, जिस पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। वहीं, महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं।शोभायात्रा में मुख्य रूप से हलका विधायक सतपाल जांबा और पूंडरी नगर पालिका चेयरपर्सन पद की दावेदार ममता सैनी ने भाग लिया। उन्होंने भी श्रद्धा भाव से अपने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल होकर धर्म और आस्था के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। विधायक सतपाल जांबा


**पूंडरी।** शोभा यात्रा में भाग लेते हुए विधायक सतपाल जांबा व अन्य श्रद्धालु।

ने इस मौके पर कहा कि हमें भगवान श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन आदर्श, मर्यादा और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।इस पावन अवसर पर नगर के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से निधि मोहन, अमित सैनी, डॉ. बलविंद्र मैहला सहित अनेक धार्मिक एवं सामाजिक क ार्यकर्ता भी मौजूद थे। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूरे सप्ताह धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### आदर्श स्कूल जखौली में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**राजौंद।** जखौली आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जखौली में आज सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाती हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं। इस दौरान प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में विद्यार्थियों से ऐतिहासिक वैज्ञानिक खेल और समसामयिक घटनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे गए। विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मचारियों पर दुर्व्यवहार का आरोप, कौल के ग्रामीणों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज. ढांड

ढांड पुलिस द्वारा ग्रामीणों के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में कौल के ग्रामीणों ने नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। कौल में माता मदानण के मंदिर में हुई चोरी की घटना के मामले में ग्रामीणों ने ढांड पुलिस पर अनदेखी करने व दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण जय सिंह,कृष्ण कुमार,श्याम लाल पांचाल,राजेश कुमार,सतबीर सिंह,सुनील हर्ष,केहर सिंह,कुलवंत,रमन ने बताया कि 1 फरवरी को कौल में माता मदानण के मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। जिसकी रिपोर्ट उन्होंने ढांड थाना में दी थी। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी की घटना के सिलसिले में ढांड पुलिस ने उन्हें फोन के माध्यम से 9 फरवरी को


**ढांड।** पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

थाने में बुलाया। हमने पुलिस कर्मचारियों से चोरों के बारे में जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि अपने स्तर पर चोरों को पकड़ कर लाओ तभी कार्रवाई करेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि जब हमने उन्हें कहा कि चोरों का पकड़ना तो पुलिस का काम होता है तो उन्होंने हमारे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए प्रताड़ति किया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस कर्मचारियों ने सीनियर सीटीजनों का भी ख्याल नही रखा उनके साथ भी अभद्रता से पेश आए कहा कि यहां से चले जाओ। ग्रामीणों का कहना है कि इससे तो मालूम होता है कि चोरों को पुलिस का संरक्षण मिला हुआ है जिससे उनके हौसले बुलंद है और कौल में बार-बार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि एक महीने के अंदर चोरों ने कौल में माता मदानण के मंदिर तथा नगर खेडे पर चोरी की घटना को अंजाम दे चुके है। ग्रामीणों में ढांड पुलिस के इस प्रकार के रवैये के प्रति गहरा रोष है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कौल में रात के समय पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए और ग्रामीणों के साथ पुलिस शालीनता से पेश आए।


### आरोप गलत

ढांड थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार से जब इस बारे में फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

इस बारे में डीएसपी गुरविंदर सिंह का कहना है कि माता मदानण मंदिर में चोरी की शिकायत ग्रामीणों द्वारा वास्तव में दी गई है। ढांड पुलिस द्वारा बुजुर्गों के साथ किया गया दुर्व्यवहार गलत है। बुर्जुग हमारे सम्मानित है उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य बनता है। इस मामले में ढांड थाना प्रभारी से बात की जाएगी कि ऐसा क्यों हुआ।

### ओएसडीएवी के छात्र वंश ने नेटबॉल में रजत पदक पर किया कब्जा

**कैथल।** हरियाणा नेटबॉल संघ द्वारा 20 फरवरी से 22 फरवरी 2025 तक 17वीं राज्य स्तरीय जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कलिंगा भिवानी में आयोजित की गई । जिसमें हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें ओ. एस. डी .ए .वी. पब्लिक स्कूल के जूनियर ग्रुप में मुस्कान , प्रगति , गुरप्रीत तथा वंश ने अपना दमखम दिखाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें वंश ने रजत पदक जीतकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने बच्चों को शाबाशी दी।



# राजकीय कालेज में किया मां सरस्वती पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डा. बी. आर. अम्बेडकर महाविद्यालय, जगदीशपुरा, कैथल में विद्या, ज्ञान और बुद्धि की देवी मां सरस्वती के पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि राष्ट्र स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार रहे। उन्होंने पूजा का का कार्यक्रम सम्पन्न करने के बाद विद्यार्थियों को सरस्वती मां के



**कैथल।** राष्ट्र स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार दीप प्रज्वलित करते हुए

पूजन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सनातन परंपरा के देवी देवताओं के बारे में बहुत सारे विशिष्ट तथ्य भी उजागर किए तथा सत्कर्मों के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मनोज भांभू ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों का महाविद्यालय में पहुंचने का स्वागत किया। इस अवसर पर सरस्वती मां के पूजन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सनातन परंपरा के देवी देवताओं के बारे में बहुत सारे विशिष्ट तथ्य भी उजागर किए तथा सत्कर्मों के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ हरीश कुमार ने मां सरस्वती के पूजन का कार्य सम्पन्न करवाया।

### त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया



**राजौंद।** महाशिवरात्रि पर्व पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की शाखा राजौंद में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान राजयोगी तपस्वी ब्रह्माकुमार भ्राता मेहर चंद ब्रह्माकुमारीज वरिष्ठ राष्ट्रीय संयोजक खेल कूद प्रभाग माउंट आबू पहुंचे। मुख्य अतिथि के रूप में बलबीर कश्यप खण्ड शिक्षा अधिकारी राजौद पहुंचे। कार्यक्रम में वीर कर्ण भाई प्रधान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा हरियाणा शामिल हुए। उन्होंने कहा की परमात्मा एक ज्योति बिंदी स्वरूप है,निराकार है और इस सम्पूर्ण सृष्टि का परिवर्तन करने के लिए इस धरा पर आए हुए है। हम बहुत भाग्यशाली आत्माएं है जिन्हें परमात्मा का प्यार मिल रहा है। शिवरात्रि को लेकर सुबह 10:30 बजे राजयोगी ब्रह्मकुमार भ्राता मेहर चंद,राजयोगिनी नीलम दीदी तथा अन्य बीके भाई-बहनों ने शिव ध्वजारोहण किया। इस दौरान आदरणीय भ्राता मेहर चंद ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि का महत्व बताया।

# डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने गांव मैंगड़ा व मंझेड़ी का किया दौरा


**कैथल।** डीएसपी कुलदीप बेनीवाल व एसएचओ चीका इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ग्रामीणों से बातचीत करते हुए

- पुलिस द्वारा गावों में लगातार जागरूकता के प्रोग्राम चलाए जा रहे है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसपी राजेश कालिया के मार्गदर्शन में डीएसपी कुलदीप बेनीवाल व एसएचओ चीका इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत सोमवार को गांव मैंगड़ा व मंझेड़ी का दौरा किया। उन्होंने गांव में आमजन के साथ बैठक कर गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में जाना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही अपराधों की रोकथाम हेतु चर्चा की। डीएसपी ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई है। और सभी चाहते है कि प्रदेश नशे से मुक्त हो। पुलिस द्वारा गावों में लगातार जागरूकता के प्रोग्राम चलाए जा रहे है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है, ताकि वे अपनी उर्जा का सही दिशा में प्रयोग कर सकें। इसके साथ ही पुलिस नशा तस्करों को काबू करने के साथ ही नशे की सप्लाई की चैन को तोड़ने के लिए प्रभावी प्रयास कर रही है। साथ ही नशे की गर्त में फसे लोगों की सिविल अस्पताल के डी एडिक्शन सेंटर में काउंसिलिंग करवाने के साथ दवाई दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा हसते खेलते परिवार को तबाह कर देते है। नशा एक सामजिक बुराई है। इसको जड़ से खत्म करने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर इसके खिलाफ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। आमजन इस मुहिम में पुलिस का सहयोग करें। उन्होने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे नशे के साथ साथ अपराध से भी दूर रहे, आपसी गुटबाजी से बचे। गांव में यदि कोई व्यक्ति नशे का कारोबार

## धर्म- कर्म
## काशी में महाशिवरात्रि के दिन निकलने वाली शिव बारात विश्व विख्यात

इस दिन जितना हो सके ॐ नमः शिवाय का जप करें। महामृत्युंजय मंत्र की पांच से सात बार पाठ अवश्य करें

# महाशिवरात्रि का व्रत शिवत्व की प्राप्ति का कारक : पंडित रवि दत्त शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

महाशिवरात्रि का पर्व हमारे देश में सामाजिक उत्सव है भले ही इसका धार्मिक महत्व है लेकिन समूचे देश में जिस आस्था, हर्ष और उल्लास से यह पर्व मनाया जाता है वह एक विशाल महोत्सव का रूप ले लेता है। आचार्य पंडित रवि दत्त शास्त्री नें बताया कि एक बार कैलाश शिखर पर स्थित मां पार्वती ने भगवान शिव से पूछा -हे भगवान ! धर्म ,अर्थ, काम ,मोक्ष इन सब की प्राप्ति आपके द्वारा होती है अतः यह जानने की इच्छा है कि किस व्रत और तपस्या से आप प्रसन्न होते हैं और भक्तों को मनचाहा वर देते हैं।

उत्तर में भगवान शिव कहते हैं-कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को जिस अंधकार में रजनी का उदय होता है उसी को शिवरात्रि कहते हैं ,इस दिन जो उपवास रखता है वह निश्चित ही मुझे संतुष्ट करता है। इस दिन उपवास रखने से मैं जितना प्रसन्न होता हूं उतना किसी से किसी भी भक्तों के तीर्थ स्थान, वस्त्र दान ,धूप और पुष्प अर्पण से भी नहीं होता। पूजन की सारी सामग्री लेकर मंदिर में शिवालय में जाएं बड़ी श्रद्धा से मन ही मन ओम नमः शिवाय का जाप करते रहें। सर्वप्रथम गणपति जी पर जल अर्पित करें और फिर शिवलिंग पर जल चढ़ाएं।आप पंचामृत बनाकर भी जल चढ़ा सकते हैं ,इसके बाद मां पार्वती पर जल चढ़ाएं ,उन्हें सिंदूर अर्पित करें उनकी श्रृंगार की सामग्री रखें। इसी प्रकार नंदी और कार्तिकेय का पूजन भी करें द्यभगवान शिव की महिमा अनंत है कहां तक उनका बखान किया जाए फिर भी इतना तो निश्चित है कि उनकी आराधना भौतिक और परलोकिक दोनों ही प्रकार के सुखों की प्राप्ति कराते हैंद्य महाशिवरात्रि पर्व पर उन आशुतोष भगवान शिव की सच्चे मन से पूजा करें आपकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होगी ऐसा मेरा विश्वास है। महाशिवरात्रि अनंत पुण्य को प्रदान करने वाली है। शिव कल्याण के देवता हैं। वे देवाधिदेव महादेव औढरदानी है। जिसने भी श्रद्धा से उनको भजा उसके जीवन में निराशा कभी नहीं आई। रावण से युद्ध करते समय युद्धारंभ से पूर्व भगवान श्रीराम ने भी रामेश्वरम में शिवपूजन किया था। श्रीकृष्ण के कहने पर ही अर्जुन ने शिव की तपस्या कर पाशुपतास्त्र प्राप्त किया था।

महाशिवरात्रि सिर्फ व्रत रखने या उपवास करने का ही दिन नहीं है। इस दिन अपने मन में निर्मल भाव लेकर भगवान का अभिषेक करना चाहिए। सांसारिक मन में वासनाओं और कुवासनाओं का ढेर लगा रहता है। कभी न समाप्त होने वाली चिन्ता मन को सुखा डालती है। ऐसे में इस अत्यन्त पुण्य को देने वाले व्रत को करने से चित्त की तामसिक वृत्तियां शांत होती है। भीतर के द्वन्द्वदूर हो जाते हैं और अज्ञान के बादल छंट जाते हैं।

### त्योहार का बताया महत्व



धर्मग्रंथों के अनुसार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को भगवान शंकर और भगवती पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखकर शिव पर्वती का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाते हैं। काशी में महाशिवरात्रि के दिन निकलने वाली शिव बारात विश्व विख्यात है। जिसे देखने के लिए देश-विदेश से लोग पहुंचते हैं। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में हर घर शिवरात्रि की उमंग में रंग जाता है। महाशिवरात्रि का व्रत मन की प्रवृत्तियों को शांत रखते हुए परमपिता सवाशिव का ध्यान करते हुए रखना चाहिये। ये कभी न भूलों कि शिव की उपासना अनमोल रत्नों से भी की जाती है और साधारण जल, फल तथा पुष्पों से भी होती हैं। लेकिन भोलेनाथ तो मन के भाव परखते है। वहां संस्कृत श्लोक भी हैं, वैदिक रीति भी है और भक्ति युक्त समर्पण भी है। जहां पवित्र भाव होगा वहीं भगवान को स्वीकार्य होगा और उसी से अखिल विश्व का कल्याण होगा। शिवरात्रि अर्थात अंधकार में प्रकाश की सम्भावना। जिस तरह भोलेनाथ प्राणी मात्र के कल्याण के लिए जहर पीकर देव से महादेव बन गए उसी प्रकार हमें भी समाज में व्याप्त निंदा, अपयश, उपेक्षा,और आलोचना रुपी जहर को पीकर मानव से महामानव बनना होगा।